कभी राम बन के, कभी श्याम बन के,
चले आना प्रभु जी चले आना।

तुम राम रूप में आना,
सीता साथ लेके, धनुष हाथ लेके,
चले आना प्रभु जी चले आना॥

तुम श्याम रूप में आना,
राधा साथ लेके, मुरली हाथ लेके चले आना,
प्रभु जी चले आना॥

तुम शिव के रूप में आना,
गौरा साथ लेके, डमरू हाथ लेके,
चले आना प्रभु जी चले आना॥

तुम विष्णु रूप में आना,
लक्ष्मी साथ लेके, चक्र हाथ लेके,
चले आना प्रभु जी चले आना॥

तुम गणपति रूप में आना,
रिद्धी साथ लेके, सिद्धी साथ लेके चले आना,
प्रभु जी चले आना॥

कभी राम बन के, कभी श्याम बन के,
चले आना प्रभु जी चले आना।

Source:
https://www.bharattemples.com/kabhi-ram-banke-kabhi-shyam-banke-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw